राठौड़ किराना व निशा स्वीट समेत कई दुकानों से लिए 275 नमूने, लैब में भेजे

त्योहारी सीजन में खाद्य पदार्थों की जांच तेज, 11 सैंपल अवमानक मिले

नवभारत न्यूज

हरदा, 07 नवंबर. त्योहारी सीजन में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने जांच अभियान तेज कर दिया है। कलेक्टर के निर्देश पर शनिवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सोडलपुर और टिमरनी में विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर मिठाई, मावा, नमकीन और खाद्य तेल के नमूने लिए।



विभागीय टीम ने सोडलपुर स्थित राठौड़ किराना स्टोर से गुलाबजामुन इंस्टेंट और सरसों तेल, निशा स्वीट से मावा बर्फी और पेड़ा के नमूने लिए। वहीं टिमरनी के राजस्थान मिष्ठान भंडार से मिठाई व मावा बाटी तथा गुप्ता मिष्ठान भंडार से नमकीन और मावा बर्फी के नमूने लेकर जांच के लिए भोपाल स्थित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

विभाग के अनुसार, त्योहारी अभियान के दौरान अब तक विभिन्न खाद्य पदार्थों के 275 नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं। इनमें से 35 की रिपोर्ट प्राप्त हुई है, जिनमें 11 नमूने अवमानक पाए गए हैं। शेष नमूनों की जांच रिपोर्ट आना बाकी है। खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के तहत विभिन्न धाराओं में 20 प्रकरण प्रस्तुत किए गए हैं, जिनमें कुल 3 लाख 30 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

रेलवे ब्रिज के पास गांजे की खेप लेकर घूम रहा था युवक, पुलिस ने दबोचा

हरदा,07 नवंबर. अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने ग्राम उड़ा रेलवे ब्रिज सर्विस रोड के पास कार्रवाई करते हुए एक युवक को गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2 किलो 450 ग्राम गांजा जब्त किया है, जिसकी कीमत करीब 50 हजार रुपए बताई गई है।

पुलिस के अनुसार, 6 नवंबर को गश्त के दौरान ग्राम उड़ा रेलवे ब्रिज सर्विस रोड के पास एक युवक प्लास्टिक की थैली लेकर संदिग्ध हालत में दिखाई दिया। तलाशी लेने पर थैली से 2 किलो 450 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने गांजा जब्त कर विकास नगर निवासी कुंदन पिता मानसिंह राजपूत (29) को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ कोतवाली थाने में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई है। आरोपी पर पूर्व में भी अन्य धाराओं में अपराध पंजीबद्ध है।

27 लाख के खर्च पर उठे सवाल, अभिलेख और सूचना बोर्ड गायब मिलने पर आपत्ति

राईखेड़ी में सामाजिक अंकेक्षण विशेष ग्राम सभा का आयोजन

नवभारत न्यूज

पिपरिया, 07 नवंबर. मनरेगा योजना अंतर्गत 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक की अवधि में कराए गए 147 हितग्राही मूलक एवं 01 सामुदायिक निर्माण कार्यों का भौतिक मौखिक एवं दस्तावेजी सत्यापन पश्चात ग्राम पंचायत मुख्यालय पर सामाजिक अंकेक्षण विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया।

बसंत अहिरवार की अध्यक्षता में आयोजित सामाजिक अंकेक्षण विशेष ग्राम सभा में जिला पंचायत द्वारा चिन्हांकित विलेज रिसोर्स पर्सन ब्रजेश मेहरा द्वारा पंचायत रिपोर्ट कार्ड का वाचन कर ग्रामीण जनों को ग्राम पंचायत के अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के पंजीकृत परिवारों की संख्या वितरित जॉब कार्ड का विवरण सामाजिक अंकेक्षण अवधि में संपन्न कार्यों की जानकारी से ग्राम सभा को अवगत कराया गया ।विलेज रिसोर्स पर्सन मेहरा ने किए गए कार्यों की सूची का वाचन कर ग्रामीण जनों को बताया कि वित्तीय वर्ष 2025 – 2026 में हितग्राही मूलक कार्य जिनमें 134 प्रधानमंत्री आवास 02 खेत तालाब निर्माण कार्य 02 डगवेल रिचार्ज पिट निर्माण कार्य 01 सी सी नाली निर्माण कार्य तथा 03 कार्य एक बगिया मां के नाम की जानकारी से ग्राम सभा को अवगत कराया।

आपने बबताया कि इन निर्माण कार्यों पर वर्तमान अवधि तक राशि 27 लाख 69 हजार 325 रुपए का व्यय किया गया है वर्ष के दौरान 72 कार्यों को पूर्ण कर लिया गया है। तथा 70 कार्य वर्तमान में प्रगतिरत है ।प्रपत्र दो का वाचन कर कुशल एवं अकुशल मजदूरी पर व्यय किए गए राशि से ग्रामीण जनों को अवगत कराया गया।

विलेज रिसोर्स पर्सन ब्रजेश मेहरा ने ग्रामीण जनों को बताया कि वित्तीय वर्ष 2025- 26 में कराए गए कार्यों के अभिलेखों का संधारण ग्राम पंचायत स्तर पर संधारित होना नहीं पाया गया है तथा कार्य स्थल पर सूचना बोर्ड भी नहीं लगवाये गए हैं। ग्राम पंचायत द्वारा सेवन रजिस्टर एसओपी रजिस्टर, पूर्ण कार्यों के कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र, निर्माण कार्य की नस्तियां, सामाजिक अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत नहीं की गई।

ग्राम सभा में विकास खंड समन्वयक राजेश कुमार ग्यारसे , सचिव ओमप्रकाश साहू ग्राम रोजगार सहायक दीपक सोनी ग्राम सामाजिक एनिमेटर गीता मेहरा आदि उपस्थित रहे.

ब्राइट करियर स्कूल में रोपे आम, पीपल और मौलश्री के पौधे

वृक्ष मित्र संस्था का 83वां पौधरोपण अभियान

नवभारत न्यूज

पिपरिया, 07 नवंबर. वृक्ष मित्र संस्था द्वारा 83 वां पौधा रोपण कार्यक्रमका आयोजन किया गया । संस्था के वरिष्ठ मनजिंदर सिंह ज्ञानी के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम हुआ जिसमें पदाधिकारी वृक्ष मित्रों,मातृ शक्ति द्वारा ब्राइट कैरियर हायर सेकेंडरी स्कूल बनवारी रोड में पौधा रोपण किया गया वहां पर आम,पीपल,मौलश्री, गुलमोहर,गुलाब जामुन,पीपल के पौधों का पौधा रोपण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन वृक्ष मित्र संस्था के मनजिंदर सिंह ज्ञानी एवं संजय भोसले के आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में वृक्ष मित्र संस्था के संस्थापक गोपाल किरण राज द्वारा कार्यक्रम प्रारंभ किया सर्वप्रथम ज्ञानी जी एवं भोसले जी का तिलक,फूलमाला,पुष्प गुच्छ,शाल से स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में हरगोविंद दुबे द्वारा अभिनंदन संदेश पढ़कर सुनाया,ईश्वर सिंह राठौर एवं संजय भोसले तथा सबने मिलकर गीत प्रस्तुत किये। संस्थापक गोपाल किरण राज द्वारा पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण पर गीत सुनाया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अतिथि और बच्चे उपस्थित रहे.

बंदरों को भोजन न देने और गौर-जंगली सूअरों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की हिदायत दी

गौर के हमले में सैनिक और बंदरों से छीना-झपटी में पर्यटक की मौत के बाद उठाया कदम

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम/पचमढ़ी. हाल ही में गौर के हमले में एक सैनिक की मौत तथा बंदरों द्वारा सामान छीनने के बाद उसे वापस लेने के प्रयास में खाई में गिरने से एक पर्यटक की मौत की दुखद घटनाओं के बाद सतपुड़ा टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने पर्यटकों एवं स्थानीय रहवासियों से वन्यजीवों के प्रति सतर्कता और जिम्मेदार व्यवहार अपनाने की अपील की है.प्रबंधन ने कहा है कि पचमढ़ी की प्राकृतिक सुंदरता और जैव विविधता को बनाए रखने के लिए मानव एवं वन्यजीवों के बीच सुरक्षित सह-अस्तित्व बेहद जरूरी है. वन्यजीव अपने प्राकृतिक आवास में स्वतंत्र रूप से विचरण करते हैं. उनके व्यवहार में अनावश्यक हस्तक्षेप करना या उनके नजदीक जाना जानलेवा साबित हो सकता है.

वन्यजीवों के संरक्षण और सुरक्षा के लिए प्रबंधन की अपील

गौर, जंगली सुअर एवं अन्य वन्यजीवों को न तो परेशान करें और न ही उनके पास जाने का प्रयास करें. वन्यजीवों के लिए जूठा भोजन या खाद्य अवशेष खुले में न छोड़ें. बंदरों को भोजन न खिलाएँ और न ही उन्हें उकसाएं. बंदरों द्वारा सामान छीनने पर उसे वापस लेने के लिए उनके पीछे न दौड़ें और न ही उनसे छीना-झपटी करें. वन्यजीव दिखाई देने पर सुरक्षित दूरी बनाए रखें और उन्हें रास्ता दें. अपना कचरा निर्धारित कूड़ेदान में ही डालें तथा जंगल और पर्यटन स्थलों को स्वच्छ रखें. वन क्षेत्र में निर्धारित मार्गों और सुरक्षा संबंधी निर्देशों का पालन करें.

वन्यजीवों को बचाना संकल्प

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने अपील की है कि वन्यजीवों को भोजन खिलाना, उन्हें छेड़ना या उनके प्राकृतिक व्यवहार में हस्तक्षेप करना उनके और मनुष्यों, दोनों के लिए खतरनाक है. वन्यजीवों को उनके प्राकृतिक आवास में स्वतंत्र रहने दें.

रंगोली व दीया सजावट में दिखा हुनर, पूर्व छात्रों ने निभाई जज की भूमिका

बचपन प्ले स्कूल एवं एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल में आयोजन



नवभारत न्यूज

टिमरनी, 07 नवंबर. दीपावली का उल्लास, बच्चों की मुस्कान और भारतीय परंपराओं की झलक शनिवार को बचपन प्ले स्कूल एवं एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल में देखने को मिली।

दोनों विद्यालयों में दीपावली मिलन समारोह उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। कहीं नन्हे-मुन्नों को उपहार देकर त्योहार की खुशियां बांटी गईं, तो कहीं वर्तमान और पूर्व विद्यार्थियों ने मिलकर रचनात्मक प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा दिखाई। बचपन प्ले स्कूल में नन्हे-मुन्नों के साथ दीपावली का उत्सव मनाया गया। बच्चों को मिट्टी के दीपक, पटाखे, चॉकलेट और आकर्षक उपहार भेंट किए गए।



